वर्ष: 14 - अंक : 153, मुंबई, सोमवार, 12 अगस्त, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर


॥ शुभ लाभ ॥
MIX MITHAI

मोतीचूर लड्डू
बदाम बर्फी
काजू कतली
मलाई पेड़े
काजू रोल
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA

DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## शिवसेना सांसद अरविंद सावंत का फर्जी PA गिरफ्तार

### बड़े मियां होटल के मालिक से लाखों की ठगी





**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** शिवसेना सांसद अरविंद सावंत का सेक्रेटरी बताने वाले सूरज कलाव (30) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सूरज ने मुंबई के प्रसिद्ध रेस्टोरेंट बड़े मियां में दो लाख रुपए का खाने का ऑर्डर दिया था और मालिक की बेटी के कॉलेज एडमिशन के नाम पर 11 लाख 27 हजार रुपये की ठगी की थी। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय मोहिते बताया कि जांच में सामने आया है कि आरोपी ने धोखाधड़ी के पैसे से गूगल-पे के माध्यम से अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और गर्लफ्रेंड के साथ वित्तीय लेनदेन किया है। होटल मालिक जमाल शेख द्वारा दायर शिकायत के अनुसार, सूरज ने उन्हें 2 जुलाई की रात को फोन किया जब सम्मेलन चल रहा था।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

**सूरज ने शेख की बेटी को सरकारी लॉ कॉलेज में दाखिला दिलाने का लालच दिया और उससे 9 लाख 27 हजार रुपये ऐंठ लिए। पुलिस के अनुसार, सूरज के पास अपना बैंक खाता नहीं है। जांच में पता चला कि उसने जो भी वित्तीय लेनदेन किया था, वह दोस्तों, गर्लफ्रेंड और रिश्तेदारों के खातों पर किया था**

## उपमुख्यमंत्री अजित पवार की जान को खतरा?

### पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को जान को खतरा होने की जानकारी सामने आई है। इसके मद्देनजर उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए लोगों का ध्यान अपने ओर आकर्षित करने के लिए एनसीपी (अजित पवार) ने जन सम्मान यात्रा निकाली है। उनकी यात्रा आज मालेगांव, धुले और जलगांव से गुजरेगी। मिली जानकारी के अनुसार, गुप्तचर विभाग ने अजित पवार के जान को खतरा होने की सुचना दी है। इसके मद्देनजर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री की सुरक्षा मजबूत करने के निर्देश दिए है। सुचना मिलने के बाद महाराष्ट्र पुलिस विभाग अलर्ज मोड़ पर है और अजित पवार की सुरक्षा में बढ़ोतरी की गई है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



## अर्जुन रामपाल का 'एक्स' अकाउंट हैक

### अभिनेता ने फैंस से की अपील

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** अभिनेता अर्जुन रामपाल का एक्स अकाउंट हैक हो गया है। यह जानकारी अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर दी। साथ ही उन्होंने अपने फैंस से अनुरोध किया कि वह एक्स के किसी भी पोस्ट पर प्रतिक्रिया न दें। अभिनेता अर्जुन रामपाल ने शनिवार को अपने प्रशंसकों से अनुरोध किया कि वे उनके एक्स अकाउंट से किसी भी संदेश का जवाब न दें, क्योंकि यह हैक हो गया है। अभिनेता अर्जुन रामपाल (51) ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट में यह खबर साझा की। उन्होंने लिखा कि यह अच्छी खबर नहीं है कि मेरा एक्स अकाउंट हैक हो गया है। कृपया किसी भी ट्वीट या संदेश का जवाब न दें। अकाउंट हैक हो गया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर बीजेपी का फोकस

### रणनीतिक तैयारियों के लिए हुई बड़ी बैठक

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में मिली शर्मनाक शिकस्त, खासकर बीजेपी के निराशाजनक प्रदर्शन से महाराष्ट्र और केंद्र के बीजेपी के नेता सकते में हैं। लोकसभा की हार की कसक विधानसभा में चुनाव में पूरी करने के लिए बीजेपी में जोरदार मंथन चल रहा है। विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए रविवार की शाम मुंबई के नरीमन प्वाइंट स्थित बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश कार्यालय में कोर कमेटी की बेहद अहम बैठक हुई। बता दें कि आमतौर पर बीजेपी का महाराष्ट्र प्रदेश कार्यालय रविवार को बंद रहता है लेकिन बीते रविवार की देर शाम बीजेपी के तमाम प्रमुख नेता बीजेपी प्रदेश कार्यालय पहुंचे।

(शेष पृष्ठ 3 पर)




### ये नेता रहे उपस्थित

इस बैठक में बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, पूर्व सांसद रावसाहेब दानवे, संयुक्त केंद्रीय मंत्री शिव प्रकाश, मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार, विधायक पंकजा मुंडे, विजया रहाटकर, चंद्रकांत पाटिल, राधाकृष्ण विखे पाटिल, रवींद्र चव्हाण, प्रवीण दरेकर, अशोक नेते आदि मौजूद थे।

## हमारी बात

### 50 का लक्ष्य और पदक?

**भारत ने टोक्यो ओलिंपिक के बराबर सात मेडल जरूर जीते, लेकिन तब एक स्वर्ण पदक था, जो इस बार सपना बना रहा। इस कारण कुल पदक तालिका में भारत का दर्जा गिर गया, जबकि लक्ष्य टॉप 30 देशों में आने का रखा गया था।**

पेरिस ओलिंपिक भारत के लिए विवाद, अपमान और अपेक्षाओं से कम सफलता की कहानी रहा। पहलवान विनेश फोगट को 100 ग्राम अधिक वजन के आधार पर अयोग्य ठहराए जाने को लेकर उठे विवाद के जल्द थमने की संभावना नहीं है। इस मामले को लेकर लोगों के मन में गहरा संदेह है। मामला राजनीतिक रूप भी ले चुका है। अगर बहुत से लोगों के मन में इस तरह का शक हो कि विनेश को पदक से वंचित करने में भारतीय खेल प्रशासन की मिलीभगत रही है, तो उससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति क्या हो सकती है? दूसरी तरफ अंतिम पंघल के साथ पेरिस में एंट्री पास विवाद में जिस तरह देश को असहज करने वाली स्थिति बनी, वह कम अफसोसनाक नहीं है। जहां तक खेलों की बात है, तो भारत ने 2021 में हुए टोक्यो ओलिंपिक के बराबर सात मेडल जरूर जीते, लेकिन तब एक स्वर्ण पदक था, जो इस बार सपना बना रहा। इस कारण कुल पदक तालिका में भारत का दर्जा गिर गया, जबकि इस बार लक्ष्य टॉप 30 देशों में आने का रखा गया था। वैसे भारत सरकार ने तो 2016 में 2024 के ओलिंपिंक के लिए 50 पदकों का लक्ष्य घोषित किया था। स्वाभाविक है कि वह ऊंची बात अब सिर्फ जुमला ही मालूम पड़ेगी। नरेंद्र मोदी सरकार ने इस लक्ष्य को पाने के लिए टारगेट ओलिंपिक पॉडियम स्कीम (टॉप्स) शुरू की थी। इसमें कोई हैरत नहीं है कि इस बारे पूरे ओलिंपिक के दौरान उस योजना की कहीं चर्चा सुनाई नहीं पड़ी। भारत के सामने आज बदकिस्मत हकीकत यह है कि टॉप की तरफ जाने के बजाय उसकी यात्रा दिशा बॉटम (नीचे) की तरफ जाती दिखी है। सफर नकारात्मक दिशा में जाता हुआ दिखे, तो फिर नौ दिन चले ढाई कोस का मुहावरा भी उस संदर्भ में लागू नहीं होगा। बहरहाल, सबक यह है कि ऊंची बातों के बजाय देश बुनियादी बातों पर ध्यान दे। देश में स्वस्थ युवा आबादी का अभाव होगा और स्कूलों के जरिए खेल ढांचे और संस्कृति का प्रसार नहीं होगा, तो टॉप्स या नीति आयोग की 50 मेडल की कार्ययोजना जैसी बातें जुमला ही बनी रहेंगी।

## खिराजे अकीदत (श्रद्धांजलि)

# जनाब बाबू खान कादरी रहमतुल्लाह अलैह

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

***तौहीद का डंका आलम में बजवा दिया कमली वाले ने।***
***हक ला इलाहा इल्लल्लाह फरमा दिया कमली वाले ने।***

प्यारे भाइयों बहनों आज से तकरीबन 20 साल पहले 07 अप्रैल 2003 हमारे अब्बू जनाब बाबू खान कादरी साहब रहमतुल्लाह अलैह का इंतकाल हो गया था। जनाब बाबू कादरी साहब बहुत ही परहेजगार, मिलनसार बड़े ही ईमानदार थे। अल्लाह और उसके रसूल हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से बेइंताह मोहब्बत करने वाले अल्लाह के फरमान और रसूल के सुन्नतों के मुताबिक जिंदगी बसर करते थे और अपने काम को बड़े ही जिम्मेदारी से अंजाम देते थे और अपनी ड्यूटी में कभी गैर हाजिर नहीं होते थे जब भी कोई काम होता तो बाकायदा आवेदन देकर छुट्टी लेते और आप जुमा के दिन की बहुत कद्र करते और उस दिन जरूर छुट्टी लेते।आप नमाज और रोजे के बहुत पावंद रहते थे और रोजे रखकर भी 5 किलोमीटर दूर साईकिल से ड्यूटी करने अमलाई यू.जी माइंस जाया करते थे। आप पूरी जिंदगी में किसी तरह की एक पाई भी हराम की कभी



इस्तेमाल नहीं की उसी का बरकत और नतीजा है कि उनकी कोई भी औलाद किसी भी तरह के गलत कामो मे कभी आज तक नही पड़ी। अपने माइंस में कर्मचारियों से मोहल्ले में पड़ोसियों से रिश्तेदारों से सभी से आपका मधुर संबंध थे आप बहुत ही व्यवहार कुशल प्रेम और भाईचारे के स्वभाव के थे आप में इस्लामी आचरण साफ देखा जा सकता था जिसके गवाह आपसे मिलने जुलने वाले परिचित और धनपुरी नगर के लोग खुद हैं । आप धामनगर उड़ीसा के एक अल्लाह के वली मशहूर बुजुर्ग शख्सियत हजरत हबीबुर्रहमान कादरी रहमतुल्लाह अलैह के मुरीद थे जिनकी दरगाह की तस्वीर आप ऊपर देख रहे हैं। जनाब बाबू खान कादरी साहब अक्सर तकरीरों में पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के शान में तौहीद का डंका आलम मे बजवा दिया कमली वाले ने नात पढ़ बारगाहे रिसालत मे पेश किया करते थे। आईए हम सब मिलकर अल्लाह से दुआ करते हैं कि अल्लाह अपनी रहमतों से और अपने हबीब पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के वसीले से उनकी बख्शीस और मगफिरत फरमाकर आलमे बरजख के इल्लीन में उन्हें आला मुकाम और बुलंद मरतबा अता फरमाए और बदले के दिन उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए और उन्हें कब्र के अजाब से जहन्नम के आग से और पुलसीरात व मैदाने महशर की तकलीफों से उनकी हिफाजत फरमाए और उनकी कब्र को रोशन और मुनव्वर फरमाकर जन्नत के बाग में तब्दील फरमाए आमीन या रब्बुल आलमीन।

**आप सब की दुआओं के तलबगार**
**क्रियात्मक सहयोग परिवार धनपुरी जिला शहडोल मध्य प्रदेश**

# बिहार में तीन लाख रसोईया कर्मी कार्यरत है प्रधानमंत्री पोषण योजना अंतर्गत कार्यरत रसोईया कर्मी हम गरिबों का आर्थिक शोषण कीया जा रहा है : जुली देवी अध्यक्ष

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मधुबनी।** महामहिम राष्ट्रपति महोदया भारत द्वारा जिला पदाधिकारी मधुबनी बिहार महोदय हम महिला सरकारी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में मध्यान भोजन रसोईया कर्मी है। जो अब प्रधानमंत्री पोषण योजना के नाम से जाना जाता है।हमलोगों से पिछले डेढ़ दशक से विद्यालयों में पूर्वाह्न स्कूल के प्रारंभ होने से अपराह्न छुट्टी होने तक विद्यालय में काम लिया जाता है। बदले में हमलोगों को मानदेय के रूप में केन्द्र सरकार से एक हजार और राज्य सरकार से 650 रूपया मिला कर कुल राशि 1650 रुपए प्रतिमाह बैंक खाता के माध्यम से दिया जाता है। वह भी साल में मात्र 10 महिना का मानदेय हमलोगों को दिया जाता है हम रसोईया कर्मी से जितने समय तक विद्यालय में काम लिया जाता है उसके अनुपात में हम गरीबों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। इस समय बिहार में लगभग 3 लाख रसोईया कर्मी कार्यरत हैं। इसलिए हमलोग



'प्रधानमंत्री पोषण योजना अंतर्गत' कार्यरत रसोईया कर्मी 'मध्याह्न भोजन रसोईया कल्याण समिति' की ओर से निम्नलिखित मांग माननीया राष्ट्रपति महोदया से मांग करते हैं हमारी प्रमुख मांगे इस प्रकार है।

1) सभी रसोइया को पंजीकृत करते हुए चतुर्थवर्गीय कर्मी के रूप में स्वीकृति दी जाए।

2) एमडीएम रसोईया कर्मी की मानदेय न्यूनतम मजदूरी की दर से भुगतान की जाए।

3) सभी रसोइया कर्मी को 10 माह की जगह 12 माह का मानदेय भुगतान की जाए।

4) सभी रसोइयां का समय पर मानदेय भुगतान, ड्रेस सुविधा एवं अवकाश सुविधा प्रदान की जाए।

5) प्रधानमंत्री पोषण योजना संचालन की जिम्मेवारी एनजीओ अथवा प्राइवेट एजेंसी को नहीं दिया जाय। क्योंकि एनजीओ के माध्यम से बच्चों को दी जाने वाली भोजन लंबे समय का बने होने के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जबकि विद्यालय में बना भोजन ताजा रहने के कारण बच्चे लोगों के स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव रहता है।

6) एमडीएम रसोइया के साथ विद्यालय में हो रहे पक्षपात एवं मनमानी पर रोक लगाई जाए।

ज्ञातव्य है कि सभी सरकारें महिला सशक्तिकरण की बात करती है और प्रचार-प्रसार पर काफी रूपया खर्च भी करती है। दुसरी तरफ रसोईया कर्मीदल को 55 रूपया प्रति दिन मानदेय दे कर सरकार काम ले रही है। महिला शक्ति करण के नाम पर प्रचार में दिखाया जा रहा है कुछ और विद्यालय के रसोईया कर्मी के साथ व्यवहार में देखा जा रहा है विपरीत बातें, इसे सरकार संतुलित करें।

इस प्रकार मध्याह्न भोजन रसोईया कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष जुली देवी ने संघ की ओर से सरकार से निवेदन किया कि केंद्र व राज्य सरकारें विद्यालय में कार्यरत महिला रसोईया कर्मी मुख्यरूप से गरीब वर्ग से है, जिसके समस्याओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाय

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# सातारा जिला में मराठा आरक्षण को ले चल रही जन जागृती, शांती रेली में लाखों में मराठा समाज शामिल

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**सांगली/सातारा।** सातारा शहर में मराठा समाज के जन जागृति शांति रैली में नजर जहा भी घुमाओ भीड़ और समाज का सहज प्रेम, मराठाओं की राजधानी सातारा जिले की सम्मान यात्रा, मराठा सेनापति का भव्य दिव्य स्वागत। उनका हर कार्य जनता के आक्रोश और आरक्षण के प्रति सरकार के निराशा जनक विचार से मराठा समाज एकजुट हो गया है, सभी जानते हैं कि बच्चों के कल्याण के लिए आरक्षण कितना जरूरी है. सोसायटी आने वाली युवा पीढ़ी के लिए उचित और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। काम को मान्यता देते हुए, संघर्षशील योद्धा मनोज जारांगे पाटिल दादा के संघर्षशील समुदाय के प्रति जुनून, उन्हें मिलने वाली प्रतिक्रिया और



चल रही लड़ाई, जो सही ढंग से चल रही है, निस्संदेह उसी ताकत के साथ लड़ी जाएगी। यह भ्रान्ति न फैले कि समाज का समर्थन एवं भागीदारी कम हो गयी है, इसका ध्यान रखना होगा। क्योंकि राजनेताओं की तरह समाज का प्यार पैसे से नहीं खरीदा जाता। इसलिए किसी भी राजनेता को अपनी तुलना माननीय मनोज जारांगे पाटिल दादा या समाज के आंदोलन से नहीं करनी चाहिए, अन्यथा आने वाले समय में उन्हें हमें उन की जगह दिखा देंगे, जिन्हें यह नहीं पता कि डेढ़ फुट 96 गोत्र हैं भी या नहीं, अपने बयान का ख्याल रखें, नहीं तो समाज आपको अपने कपड़ों का ख्याल रखने का समय नहीं देगा। समाज ने अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए सही प्रकार का नेतृत्व अपनाया है। इसके पहले हर आंदोलन में होगा, संघर्ष में होगा, हम आंदोलन संभाल लें और राजनीतिक में अपना स्वार्थ शाद लिया है लेकिन अब ये संभव नहीं है। किसी भी राजनेता को आंदोलन को नष्ट करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए या जिन्होंने गिरोह बनाया है उन्हें अपना काम समेटने के लिए कहना चाहिए? नहीं तो समाज अपनी पे उतरा तो हालत खराब होने में वक्त नहीं लगेगा फिर कहां तक दौड़ना पड़ेगा मैं नहीं जानता। चूँकि मराठा पीछे हट गये, उस समय क्या हुआ, यह हर प्रतिद्वंद्वी जानता है। तो किसकी आर्थिक दुकान बंद है। लेकिन यह तय है कि राजनीतिक दुकान बंद हो जायेगी। भविष्य में यदि आप जानबूझ कर विरोध करेंगे या प्रचार पाने के लिए विरोध करेंगे तो याद रखें कि आपका राजनीतिक अस्तित्व हमारे दिमाग में है इस बात का खयाल रखना कहा।

# वृक्षमित्र स्वर्गीय धो.म.मोहिते की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**सांगली।** मानव निर्मित सागरेश्वर अभयारण्य के जनक, लेखक, पत्रकार और महान स्वतंत्रता से नानी वृक्षमित्र धो.म.मोहिते की 98वीं जयंती के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 75 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर उत्साह के साथ रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। पुर्व राष्ट्रपती स्वर्गीय डॉ. शंकर दयाळ शर्मा जी द्वारा स्वर्गीय धो.म. मोहिते उर्फ अण्णा को उन के स्वतंत्रता सैनिक,कर्मठ सामाजिक कार्यकर्त्ता तथा वनीकरण एवं वन्यजीव संरक्षण के पुनीत कार्य मैं सफलता पूर्वक जन जन मैं जागरूकता लाने और सगरेश्वर वन्यजीव अभयारण्य के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाई, पर्यावरण प्रदूषण के नियंत्रण, वनीकरण एवम उसके संरक्षण की आवश्कता के प्रति जागरूकता लाने की अहम भूमिका निभाई जिस के लिए उन्हे उस वक्त के राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा जी द्वारा सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया था। वृक्षमित्र स्वर्गीय धो.म.मोहिते जी की जयंती के अवसर पर मोहिते के वडगांव में पिछले आठ वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। सेना में कार्यरत सौरभ मोहिते, संग्राम मोहिते, पूर्व सैनिक संदीप पाटिल और अजीतराव खराडे ने रक्त दान किया। भारती अस्पताल ब्लड बैंक सांगली और यशवंतराव चव्हाण ब्लड बैंक कराड के माध्यम से रक्तदान कैंप लगाया गया। सांगली सातारा विधान परिषद के पूर्व विधायक और सोनहिरा सहकारी शुगर कारखाने के चेयरमैन मा मोहनराव कदम (दादा) ने शिविर का उद्घाटन किया उस वक्त मोहिते वडगांव ग्राम पंचायत की सरपंच सौ. शीतल मोहिते, वि.का.स. सोसायटी उपचेयरमैन शिवाजी मोहिते, पूर्व सरपंच विजय नामदेव मोहिते,प्रसिद्ध रानकवि सु.धो. मोहिते, पूर्व उपसरपंच दत्तात्रय मोरे, विजय मोहिते, सयाजी जाधव, पूर्व चेयरमैन बाळासाहेब मोहिते, विजय हरीबा मोहिते, विठ्ठल मोहिते, भीमराव मोहिते, गणेश पवार, लीलावती कनासे और बी.आर. कनसे सर, सुषमा कदम, बी.डी. कदम सर, प्रकाश पाटिल,लालासो कदम,वसंत मोरे, ग्राम पंचायत सदस्य जगन्नाथ मिसाळ, हनमंत मोहिते आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। रक्तदान शिविर का आयोजन प्रा.रोहित मोहिते, भरत मोरे, अभिनव सालुंखे,विनायक महिंद समेत युवा शामिल हुए।

## मेरा मुख्य उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य सेवा के स्तर को ऊंचा उठाना और हर वर्ग के लोगों को उत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है: संस्थापक अध्यक्ष मोहम्मद इम्तियाज नुरानी साहब

**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** हमारे संस्थापक अध्यक्ष मोहम्मद इम्तियाज नूरानी साहब ने क्रिब्स अस्पताल किशनगंज की स्थापना एक अद्वितीय दृष्टिकोण और समर्पण के साथ की उनके अनुसार, अस्पताल की स्थापना का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य सेवा के स्तर को ऊंचा उठाना और हर वर्ग के मरीजों को उत्तम चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना है हमारे समाज में बहुत से ऐसे लोग हैं जिन्हें उचित स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण वे उच्च गुणवत्ता की सेवाओं से वंचित रह जाते हैं। हमारा लक्ष्य है कि मरीज यहां आकर न केवल अपनी बीमारी से मुक्ति पाएं, बल्कि उन्हें ऐसा अनुभव हो जो उनकी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाए। उनकी सोच यह है कि स्वास्थ्य सेवा केवल बीमारी के इलाज तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह संपूर्ण जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने का माध्यम होनी चाहिए। इसलिए, क्रिब्स अस्पताल में न केवल आधुनिक चिकित्सा उपकरण और तकनीक का उपयोग किया जाता है, बल्कि एक सहायक और संवेदनशील माहौल भी प्रदान किया जाता है। इस प्रकार, मोहम्मद इम्तियाज नूरानी साहब का सपना और उनकी दूरदृष्टि क्रिब्स अस्पताल के हर पहलू में झलकती है। यह अस्पताल एक जीवंत प्रमाण है उनके अटूट समर्पण और समाज के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता का। उन्होंने न केवल एक अस्पताल, बल्कि एक आशा का केंद्र बनाया है, जहां हर मरीज को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवाएं और देखभाल मिलती है।



# टीएमयू में कुलाधिपति के संग पीएनबी के आला अफसरों ने किया प्लांटेशन

**तीर्थंकर** महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कैंपस में कुलाधिपति श्री सुरेश जैन के संग पंजाब नेशनल बैंक के आला अफसर- मेरठ के जोनल मैनेजर श्री बलवीर सिंह और सर्किल हेड, मुरादाबाद श्री आनन्द कुमार ने पौधे रोपित किए। इस मौके पर टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन की गरिमामयी मौजूदगी रही। कुलाधिपति श्री जैन बोले, मेरा स्पष्ट मत है, सांसें हो रही हैं कम, आओ पेड़ लगाएं हम... सरीखे संकल्प को भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को आत्मसात करना होगा। इसे एक आन्दोलन का रूप देना होगा। एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन कहते हैं, अब हमें बर्थ डे से लेकर मैरिज सरीखे खुशी के पलों में बतौर उपहार छायादार और फलदार पौधों के वितरण को अपने जीवन और परम्परा का अभिन्न अंग बनाना होगा। वृक्षारोपण के समय टीएमयू के डिप्टी डायरेक्टर अकाउंटस श्री गौरव अग्रवाल समेत टीएमयू पीएनबी कैंपस ब्रांच के अफसर आदि भी मौजूद रहे। क्लीन टीएमयू-ग्रीन टीएमयू के अपने संकल्प के प्रति तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी प्रतिबद्ध है। प्रदूषण की चुनौतियों से निपटने के लिए 140 एकड़ में आच्छादित यूनिवर्सिटी कैंपस में बीस हजार से अधिक छायादार-फलदार वृक्षों के संग-संग सुगंधित फूलों के पौधे इसके साक्षी हैं। ईको-फ्रेंडली इस भव्य कैंपस में औषधीय वृक्षों में अमलताश, कचनार, अंजीर, जामुन, बेल, बालमखीरा, नीम, बकैन आदि है। पूरा कैंपस पर्यावरण अनुकूल वृक्षों के अलावा फलवृक्षों, औषधीय वृक्षों से हरा-भरा है। मौसम के अनुसार कैंपस विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे सुगंधित फूलों से सुसज्जित रहता है।




## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### शिवसेना सांसद अरविंद सावंत का फर्जी पीए गिरफ्तार

उसने खुद को सांसद सावंत का पीए बताया और 200 लोगों के लिए खाना मंगाया था। शुरूआत में पैसा समय पर दिया जाता था। इसके लिए उस दिन उसने कहा कि खाने के पैसे (दो लाख) का भुगतान सम्मेलन के बाद करेंगे। इसके बाद सूरज ने शेख की बेटी को सरकारी लॉ कॉलेज में दाखिला दिलाने का लालच दिया और उससे 9 लाख 27 हजार रुपये ऐंठ लिए। पुलिस के अनुसार, सूरज के पास अपना बैंक खाता नहीं है। जांच में पता चला कि उसने जो भी वित्तीय लेनदेन किया था, वह दोस्तों, गर्लफ्रेंड और रिश्तेदारों के खातों पर किया था। 1 लाख 19 हजार नकद जो उसने जी-पे के माध्यम से दोस्त को ट्रांसफर किया था उसके जन्मदिन के अवसर पर वो जब्त कर ली गई है। वहीं, बार में जिस बारगर्ल पर उसने पैसे उड़ाए थे, उसकी भी जांच की जा रही है। कॉलेज में एडमिशन के लिए ली गई नकद अभी तक पुलिस को नहीं सौंपी गई है। पुलिस इसकी भी जांच कर रही है कि इस मामले में कोई और भी शामिल है या नहीं।

### उपमुख्यमंत्री अजित पवार की जान को खतरा?

लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद अजित पवार सतर्क हो गए है। विधानसभा में इस नतीजे से बचने के लिए और लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए उन्होंने में महाराष्ट्र में जन सम्मान यात्रा निकाली है। यह यात्रा डिंडोरी से शुरू हुई।अजित पवार इस जन सम्मान यात्रा के जरिए जिलावार दौरा कर रहे है।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर बीजेपी का फोकस

इसके बाद देर रात तक चली कोर कमेटी की बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के महाराष्ट्र प्रभारी व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने उपस्थित नेताओं व पदाधिकारियों से विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित जानकारी ली तथा उन्हें आगे की तैयारियों के संदर्भ में केंद्रीय नेतृत्व से मिले निदेर्शों की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि इस बैठक में यादव ने बीजेपी के लिए अनुकूल सीटों की भी जानकारी ली तथा सीटों के बंटवारे पर भी चर्चा की। गौरतलब है कि हालही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में महायुति सिर्फ 17 सीट ही जीतने में कामयाब हुई थी। इसमें से भाजपा को नौ सीटें मिली।

### अर्जुन रामपाल का एक्स अकाउंट हैक

हाल ही में प्रसिद्ध गीतकार और शायर जावेद अख्तर ने भी खुलासा किया कि उनका एक्स खाता हैक कर लिया गया था और 2024 पेरिस ओलंपिक से संबंधित एक पोस्ट साझा कर दी गई थी। अख्तर ने पोस्ट किया था, मेरा एक्स खाता हैक हो गया है। मेरे अकाउंट से ओलंपिक के लिए हमारी भारतीय टीम के बारे में एक संदेश आया है। यह पूरी तरह से हानिरहित है, लेकिन मैंने इसे नहीं भेजा है। हम एक्स में संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने की प्रक्रिया में हैं।

## खबर संक्षेप

### लोकल ट्रेन में पिस्टल ले जा रहा था मॉडल, अरेस्ट



**मुंबई।** यहां की लोकल ट्रेन में इटालियन पिस्टल ले जाने के आरोप में जीआरपी पुलिस ने बोरीवली रेलवे स्टेशन से एक बिहार के मॉडल को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने अभय कुमार और उमेश कुमार चौरसिया को मुंबई के बोरीवली रेलवे स्टेशन से बीते शुक्रवार ट्रेन में इटालियन मेड पिस्टल ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### मेरे बैग में बम...', कोच्चि एयरपोर्ट पर हड़कंप



**कोच्चि।** केरल के कोच्चि हवाईअड्डे पर रविवार सुबह अचानक से अफरा-तरफी मच गई। मुंबई जा रहे एक यात्री ने बम का जिक्र कर सुरक्षा कर्मचारियों को चिंता में डाल दिया। इसके बाद सीआईएसएफ जवानों ने कार्रवाई करते हुए यात्री को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि यह घटना एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 682 के उड़ान भरने से पहले हुई।

### आग की अफवाह से ट्रेन में भगदड़, 20 घायल



**बरेली।** हावड़ा से अमृतसर जाने वाली 13006 पंजाब मेल एक्सप्रेस की जनरल कोच में आग लगने की अफवाह से भगदड़ मच गई। जल्दबाजी में ट्रेन से नीचे कूदने से करीब 20 यात्री घायल हुए हैं। रविवार की सुबह करीब 8 बजे बरेली और मीरानपुर कटरा स्टेशन के बीच ट्रेन के जनरल कोच में आग लगने की अफवाह पर चालक ने गाड़ी को रोका। इससे यात्री कूदने लगे।

### नवी मुंबई पुलिस ने 5 बांग्लादेशी दबोचे



**नवी मुंबई।** बांग्लादेश में गंभीर हालात के बीच नवी मुंबई से बड़ी खबर सामने आई है। नवी मुंबई पुलिस ने 5 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों को नवी मुंबई के कोपरखैरने इलाके की एक इमारत से गिरफ्तार किया गया है।

---

#### जेपीसी से जांच हो, मांग फिर दोहराई: सुप्रिया श्रीनेत

# हिंडनबर्ग के नए खुलासे पर कांग्रेस आक्रामक सुप्रीम कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने की अपील

*हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बहाने कांग्रेस पार्टी ने सेबी के समूचे सिस्टम पर सवाल खड़े किए हैं। अडानी मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग एक बार फिर दोहराया है। कांग्रेस पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट से नए खुलासे के बाद इस पूरे मामले पर स्वतः संज्ञान लेने की अपील की है।*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली





हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बहाने कांग्रेस पार्टी ने सेबी के समूचे सिस्टम पर सवाल खड़े किए हैं। अडानी मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग एक बार फिर दोहराया है। कांग्रेस पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट से नए खुलासे के बाद इस पूरे मामले पर स्वतः संज्ञान लेने की अपील की है। कांग्रेस पार्टी ने जांच रिपोर्ट हो या फिर सेबी से संबंधित अडानी मामले में की गई अन्य औपचारिकताएं, सेबी द्वारा की गई सभी औपचारिकताओं को कांग्रेस पार्टी ने कठघरे में खड़ा किया है। विदित हो कि हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट में सेबी की मुखिया माधवी बुच और उनके परिवार पर गंभीर टिप्पणियां की गई हैं। आरोप चस्पां किया गया है कि अडानी मामले में सेबी 18 महीने से ग्रुप के विदेशी निवेश पर कथित तौर पर पर्दे डालने का प्रयास करती रही है।

कांग्रेस पार्टी इस विवाद को लपक कर सवाल किया है कि क्या सेबी की चुप्पी का कारण यह है कि कथित घोटाले की जांच करने वाला ही घोटाले में शामिल है? कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रीया श्रीनेत ने केंद्र सरकार पर अपरोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि इससे पहले कि हिंडनबर्ग की एक और रिपोर्ट को देश के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा बताकर मुद्दा भटकाने की कोशिश की जाए लोकतंत्र में विपक्ष का दायित्व है कि वो सरकार को जवाबदेह और ईमानदार बनाए रखने के साथ देश का कानून समान रूप पर सभी पर लागू हो, इसकी कोशिशें करे। कांग्रेस पार्टी ने सेबी प्रमुख माधवी बुच की बर्खास्तगी की मांग करते हुए उनकी ओर कुछ सवाल उछाले हैं। पार्टी प्रवक्ता ने पूछा है कि क्या आपने 2015 में ग्लोबल डेवलपमेंट अपॉर्चुनिटीज फंड का हिस्सा बनकर आईपीई प्लस फंड वन में निवेश किया था। इस फंड की हिस्सेदारी कब खत्म हुई। बतौर पूर्णकालिक सदस्य सेबी क्या आपने इस शेयरहोल्डिंग के बारे में खुलासा किया था। सेबी की पूर्णकालिक निदेशक जब आप थीं तो क्या आप की भी कभी सिंगापुर में एगोरा पार्टनर्स या भारत में एगोरा पार्टनर्स में शेयर, हिस्सेदारी थी। क्या आपने इस शेयरधारित और प्राप्त आय और और राजस्व का खुलासा किया था। क्या आपने एगोरा अपनी हिस्सेदारी अपने पति के नाम ट्रांसफर की थी। जब आप स्वयं आरोपी कंपनी की शेयहोल्डर थी तो जांच से खुद को क्यों नहीं अलग किया। केंद्र सरकार की ओर प्रमुख विपक्षी दल की हैसियत से कांग्रेस प्रवक्ता ने सवाल उठाये। उन्होंने केंद्र से पूछा कि सरकार का अपने ही रेगुलेटर पर लग रहे गंभीर आरोप पर क्या कहना है। केंद्र सरकार देश को जानकारी दे कि सेबी प्रमुख माधवी बुच की नियुक्ति कैसे और किसकी अनुशंसा से की गई। महज दस सालों के मोदी सरकार में एक अनाम सा समूह इतना शक्तिशाली कैसे बन गया। रेगुलेटर ने जब अपनी विश्वसनीयता खो दी है ऐसे में छोटे निवेशकों की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा।

---

#### राजस्थान में 7 की असमय मौत

## पोखर की पाल टूटी, सात युवकों की डूबने से मौत

बयाना इलाके में बाण गंगा नदी में डूबे



मुंबई हलचल / बयाना

जिले में बयाना इलाके में रविवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया। यहां गांव के बगल से निकल रही बाण गंगा नदी में डूबने से सात नवयुवकों की मौत हो गई है।

अचानक हुए हादसे के बाद हड़कंप मच गया और ग्रामीणों ने एक घंटे के रेस्क्यू के बाद सभी नवयुवकों को बाहर निकाला, जिनमें कुछ के शव भरतपुर पहुंच चुके हैं। जिले के बयाना उपखंड की ग्राम पंचायत फरसो के गांव श्रीनगर से होकर निकल रही बाण गंगा नदी में मिट्टी का टापू ढहने से सात नवयुवकों की मौत हो गई। गांव के लोग नदी के किनारे के मिट्टी खोदकर निकाला करते थे, जिसके चलते वहां जगह-जगह पर गहरे गड्ढे हो गए थे और मिट्टी के टीले बन गए थे। इस कारण वहां से होकर गुजर रही बाण गंगा नदी के किनारे बने मिट्टी के टीले पर खड़े होकर सात नवयुवक नदी के तेज बहाव को देख रहे थे। उसी दौरान मिट्टी का टीला ढह गया। हादसे में सातों नवयुवक उन गहरे गड्ढों में डूब गए।

### सातों शवों को निकाला

*हादसे की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव घटना स्थल पर पहुंचे और एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंचीं। राहत बचाव कार्य करते हुए सात नवयुवकों के शवों को बयाना की झील का बाड़ा सीएचसी पर लाया गया। यहां से दो नव युवकों के शव भरतपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया गया।*

#### जयपुर में भीषण सड़क हादसा

### ट्रक से टकराई कार के उड़े परखच्चे, 3 की मौत



**जयपुर।** यहां के प्रताप नगर एनआरआई सर्किल पर शनिवार रात एक कार तथा ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिससे कार सवार 3 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 2 छात्र तथा एक ड्राइवर था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि कार प्रताप नगर से होते हुए जवाहर सर्किल की तरफ जा रही थी। एनआरआई सर्किल पर ड्राइवर ट्रक को मोड़ रहा था। इतने में तेज गति से आ रही कार ट्रक से भिड़ गई। ट्रक में सब्जियां भरी थीं।

---

#### ठाणे में काफिले पर निशाना साधा गया

## राज ठाकरे ने दी धमकी, जहां जरूरी होगा वहां हम 'डबल' डोज भी देंगे

मुंबई हलचल / मुंबई

उद्धव की कार पर किया हमला



महाराष्ट्र के ठाणे में शनिवार शाम शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे के काफिले पर हमला हुआ था।

मनसे ठाणे जिला अध्यक्ष अविनाश जाधव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जाधव को मुख्य आरोपी बनाया गया है। जाधव पर उद्धव के काफिले पर मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा हमला और आंदोलन के लिए उकसाने का आरोप है। पुलिस ने 2 अलग-अलग एफआईआर दाखिल की है, जिसमें 44 लोगों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मनसे कार्यकर्ता प्रीतेश मोरे, आकाश पवार, अरुण जेटलू और मनोज चव्हाण को आरोपी बनाया है।

### उसी स्टाइल में जवाब देंगे: राज ठाकरे

*मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में उद्धव ठाकरे के काफिले पर हुए हमले को उनके साथ बीड में हुई घटना की प्रतिक्रिया बताया। उन्होंने कहा कि हम पर कोई उंगली उठाएगा, तो आप उसका मनसे स्टाइल में 'डबल'जवाब दोगे। राज ठाकरे ने कहा, महाराष्ट्र की राजनीति में ऐसा होना ठीक नहीं। जहां जरूरी होगा वहां 'डबल'डोज भी देंगे।*

---

### कई राज्यों में होगी बारिश राजस्थान में रेड अलर्ट



**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से उत्तर पूर्वी राजस्थान और दक्षिण पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक सर्कुलेशन बना हुआ है जिससे उत्तर पश्चिमी इलाके में बारिश हो रही है। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश होने का अनुमान है। वहीं विभाग ने राजस्थान के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

---

## दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे जलमग्न



**गुरुग्राम।** मानसून की बारिश के बाद जलमग्न दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे।

---

#### बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना का बड़ा आरोप

# मुझे सत्ता से हटाने के लिए रची गई थी बड़ी साजिश, अमेरिका है पीछे

*नई दिल्ली। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बड़ा आरोप लगाया है और उन्होंने कहा है कि मुझे सत्ता से हटाने के लिए बड़ी साजिश रची गई थी। उन्होंने अमेरिका पर उन्हें सत्ता से बेदखल करने का आरोप लगाया है। हसीना ने कहा है कि सेंट मार्टिन द्वीप नहीं देने के कारण ही अमेरिका ने उन्हें सत्ता से हटाने की योजना बनाई थी। शेख हसीना का कहना है कि इस द्वीप के मिलने से अमेरिका को बंगाल की खाड़ी पर प्रभाव जमाने में मदद मिल सकती थी। हसीना ने अपने देश के लोगों को आगाह किया और कहा कि आप सब कट्टरपंथियों के बहकावे में न आएं। एक अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि शेख हसीना ने अपने करीबी सहयोगियों के जरिए भेजे गए संदेश में ये बातें कही है। बता दें, हसीना ने छात्रों के उग्र विरोध प्रदर्शन के बाद 5 अगस्त को पीएम पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया था। वे फिलहाल भारत में सुरक्षित स्थान पर रह रही हैं।*

## सेंट मार्टिन द्वीप अमेरिका को दे दिया होता तो नहीं होती बेदखल



### यह लिखा संदेश में

*संदेश में हसीना ने कहा, 'मैंने इस्तीफा दे दिया, ताकि मुझ लाशों का जुलूस न देखना पड़े। वे छात्रों की लाशों पर सत्ता में आना चाहते थे, लेकिन मैंने ऐसा नहीं होने दिया। मैंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं सत्ता में बनी रह सकती थी, अगर मैंने सेंट मार्टिन द्वीप की संप्रभुता को त्याग दिया होता और अमेरिका को बंगाल की खाड़ी पर अपना प्रभुत्व कायम करने दिया होता। मैं अपने देश के लोगों से विनती करती हूं, कृपया कट्टरपंथियों के बहकाएं में न आएं।'*

### अमेरिका के लिए सेंट मार्टिन द्वीप की अहमियत

साल 1900 में ब्रिटिश सर्वेक्षणकर्ताओं की एक टीम ने सेंट मार्टिन द्वीप को भारत में ब्रिटिश राज के हिस्से के रूप में शामिल किया और इसका नाम एक ईसाई पुजारी सेंट मार्टिन के नाम पर रखा गया था। बंगाल की खाड़ी में मौजूद होने के चलते यह द्वीप रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। अमेरिकी इस द्वीप पर बेस बनाकर चीन के बढ़ते खतरे के खिलाफ इलाके में अपनी उपस्थिति चाहता हैं। क्षेत्र में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी उसे चीन पर बढ़त दिलाएगी। वहीं, मुश्किल यह है कि बांग्लादेश के चीन के साथ भी अच्छे संबंध हैं। बांग्लादेश को कर्ज देने वालों में चीन सबसे आगे है। ऐसे में शेख हसीना सरकार बंगाल की खाड़ी को महाशक्तियों के बीच मुकाबले का मैदान नहीं बनने देना चाहती थीं। बंगाल की खाड़ी में किसी बाहरी देश का सैन्य अड्डा भारत के लिए भी सहज स्थिति नहीं होगी।

### भारत में घुसपैठ की कोशिश करते 11 बांग्लादेशी गिरफ्तार

*बांग्लादेश के 11 नागरिक पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मेघालय सीमाओं के जरिए भारत में घुसपैठ की कोशिश करते पकड़े गए हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की ओर से यह जानकारी दी गई है। दरअसल, बांग्लादेश में छात्र आरक्षण विरोधी आंदोलन कर रहे हैं। इस वजह से वहां हिंसा का दौर चल रहा है। अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। लोग अपनी जान बचाकर सीमा पार कर भारत आने की कोशिश कर रहे हैं। इसी का फायदा उठाकर घुसपैठिए भी सीमा पार करने की साजिश रच रहे हैं। बीएसएफ की ओर से रविवार को बताया गया कि पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मेघालय में अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहे 11 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। बयान में कहा गया कि पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा सीमा से दो-दो और मेघालय सीमा से सात को पकड़ा गया है।*

# बरात का इंतजार करती रही दुल्हन, दूल्हा नहीं आया तो पहुंची थाने, लगाए गंभीर आरोप

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**झबरेड़ा।** दुल्हन घंटों तक बरात के आने का इंतजार करती रही। जब दूल्हा बरात लेकर नहीं आया तो वह थाने पहुंची और मंगेतर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। यह भी बताया कि वह गर्भवती है। बताया जा रहा है कि महिला पहले से शादीशुदा है और उसका अपने पति से विवाद चल रहा है। इस कारण वह झबरेड़ा में किराये पर रहती है। पुलिस के अनुसार, महिला उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर की रहने वाली है। पति से विवाद के चलते वह झबरेड़ा कस्बे में किराये के मकान में रहती है। उसका एक बच्चा भी है। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि यहां रहते हुए करीब दो वर्ष पहले उसका परिचय मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के टांडा भनेड़ा निवासी एक युवक से हुआ। दोनों के बीच प्रेम पनप गया। महिला का आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए, जिससे वह गर्भवती हो गई। यह पता चलने पर उसने शादी के लिए दबाव बनाया, जिसके लिए युवक राजी भी हो गया। शनिवार दोपहर महिला की बरात आनी थी। इसके लिए महिला के रिश्तेदार भी घर पर जमा हो गए थे। बरात आने का समय बीतने के बाद भी जब कोई नहीं पहुंचा तो महिला को चिंता हुई। उसने दूल्हे को फोन किया, लेकिन उसका मोबाइल बंद था। अगले दिन रविवार को महिला अपने रिश्तेदारों के साथ झबरेड़ा थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। झबरेड़ा थाना प्रभारी अंकुर शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# धामी मंत्रिमंडल के विस्तार की अटकलें तेज, मुख्यमंत्री और मंत्रियों के दिल्ली दौरों से चर्चा को मिला बल

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** धामी मंत्रिमंडल के विस्तार का विषय फिर से राजनीतिक गलियारों में चर्चा के केंद्र में है। मुख्यमंत्री और मंत्रियों के हालिया दिल्ली दौरों के बाद से इस चर्चा ने अधिक जोर पकड़ा है। मंत्रिमंडल में चार पद वर्तमान में रिक्त हैं। मंत्रिमंडल विस्तार होने पर चार विधायकों की लॉटरी लग सकती है। यह भी कहा जा रहा है कि कुछ मंत्री या उनके विभाग भी बदले जा सकते हैं। चर्चा है कि अक्टूबर में संभावित नगर निकाय चुनाव से पहले मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। मुख्यमंत्री धामी ने अपने दूसरे कार्यकाल की जब शपथ ली थी, तब मंत्रिमंडल में तीन पद रिक्त रखे गए थे। राज्य में मुख्यमंत्री समेत 12 सदस्य ही



मंत्रिमंडल में हो सकते हैं। बाद में कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के निधन के कारण मंत्रिमंडल में रिक्त पदों की संख्या बढ़कर चार हो गई। इस सबको देखते हुए अक्सर ही मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा होती आई है। मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरों के दौरान इसे लेकर चर्चा अधिक होती है।

अब यह विषय फिर से चर्चा के केंद्र में है। वजह है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का हालिया दिल्ली दौरा। यही नहीं, कई मंत्रियों ने भी इस बीच दिल्ली दौड़ लगाकर शीर्षस्थ नेताओं के दरबार में हाजिरी लगाई। इससे राजनीतिक गलियारों में भी हलचल होने लगी। यद्यपि, मुख्यमंत्री को तो अक्सर दिल्ली जाना पड़ता है, लेकिन मंत्रियों की दिल्ली दौड़ को सामान्य नहीं माना जा रहा। इसे मंत्रिमंडल विस्तार से जोड़कर भी देखा जा रहा है। दरअसल, हाल में ही भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम ने संकेत दिए थे कि धामी मंत्रिमंडल में रिक्त मंत्री पदों को शीघ्र भरा जाएगा।

## पहल का उद्देश्य कृषि उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाना

# प्रधानमंत्री ने कृषि उपज बढ़ाने जलवायु अनुकूल बीजों की 109 किस्में जारी कीं

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कृषि और बागवानी फसलों की उच्च उपज वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सुदृढ़ीकृत बीजों की 109 किस्मों को जारी किया। इस पहल का उद्देश्य कृषि उत्पादकता और किसानों की आय को बढ़ाना है। इन किस्मों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने विकसित किया है और ये कुल 61 फसलों से संबंधित हैं। इनमें 34 खेतों में लगाई जाने वाली और 27 बागवानी की फसलें हैं। मोदी ने दिल्ली के पूसा परिसर में तीन प्रायोगिक कृषि भूखंडों पर बीजों को पेश किया।

## कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व पर जोर

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत भी की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी ने किसानों के साथ इन नई किस्मों के महत्व पर चर्चा करते हुए कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर मौजूद किसानों ने कहा कि 61 फसलों से संबंधित ये नई किस्में कम लागत के कारण उनके लिए अत्यधिक लाभकारी होंगी।

## कई नई किस्में शामिल

खेती की फसलों में अनाज, बाजरा, चारा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और फाइबर फसलें शामिल हैं। वहीं बागवानी की फसलों में फलों, सब्जियों, मसालों, फूलों और औषधीय पौधों की नई किस्में शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी वर्ष 2014 से ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए टिकाऊ खेती के तरीकों और जलवायु अनुकूल तरीकों की वकालत करते रहे हैं।



## किसानों के लिए ऐतिहासिक दिन बताया

प्रधानमंत्री ने इन नई फसल किस्मों के विकास के लिए वैज्ञानिकों की भी सराहना की। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि आज का दिन किसानों के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि 61 फसलों की बीजों की 109 किस्में जारी की गई हैं। इससे किसानों की आय बढ़ाने, उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिलेगी।

- इन किस्मों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने विकसित किया
- विकसित किए गए बीज कुल 61 फसलों से संबंधित है
- इनमें 34 खेतों में उगाई जाने वाली व 27 बागवानी की फसलें

## लोग अब पौष्टिक भोजन का रुख कर रहे

प्रधानमंत्री ने बाजरे के महत्व पर चर्चा की और इस बात पर जोर दिया कि लोग किस तरह पौष्टिक भोजन का रुख कर रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खेती के प्रति आम लोगों की बढ़ती रुचि के बारे में भी बात की। मोदी ने कहा कि लोगों ने जैविक खाद्य पदार्थों का उपभोग और मांग करना शुरू कर दिया है।

## जलवायु के अनुकूल है

चौहान ने कहा कि इन फसलों के बीज जलवायु के अनुकूल हैं और प्रतिकूल मौसम में भी अच्छी फसल दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये किस्में पोषण से भरपूर हैं। वैज्ञानिकों ने बताया कि वे अप्रचलित फसलों को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री के सुझाव के अनुरूप काम कर रहे हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# खाली पेट पीएं जीरे और गुड़ का पानी, फिर देखें कमाल



बदलते लाइफस्टाइल और बढ़ती उम्र के कारण लोगों को कई छोटी मोटी बीमारियां लगी ही रहती हैं जिसके इलाज के लिए वे कई तरह की दवाओं का सेवन करते हैं लेकिन इससे एक तो पैसे की बर्बादी होती है दूसरा सेहत को भी नुकसान होता है। ऐसे में जीरे और गुड़ को पानी में मिलाकर सेवन करने से काफी फायदा होता है। जीरा और गुड़ हर घर में आसानी से मिल जाता हैं। इनमें मौजूद कई पोषक तत्व शरीर के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। आइए जानिए इसके इस्तेमाल और फायदों के बारे में

**गुड़ और जीरे का पानी बनाने का तरीका**

इसके लिए 1 बाउल पानी में 1 चम्मच जीरा और 1 चम्मच गुड़ मिलाएं। इसे गैस पर कुछ मिनटों तक उबालें और जब पानी आधा रह जाए तो इसे छान कर एक कप में निकाल लें। हर रोज सुबह खाली पेट इस ड्रिंक का सेवन करने से शरीर को अद्भुत फायदे होते हैं।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए**

यह ड्रिंक शरीर के विषैले पदार्थ बाहर निकालकर इसे पूरी तरह से साफ रखने में मदद करता है और इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है।

पेट की समस्याएं जीरे और गुड़ के पानी का सेवन करने से एसिडिटी और पेट फूलना जैसी कई समस्याएं कम होती है। इसके अलावा रोजाना इस ड्रिंक का सेवन करने से पेट साफ रहता है और कब्ज की परेशानी नहीं रहती।

**एनीमिया**

इसमें मौजूद आयरन शरीर में खून की कमी को पूरा करता है। रोजाना इस ड्रिंक का सेवन करने से रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्रा बढ़ती है जिससे एनीमिया का खतरा नहीं रहता।

**अनियमित पीरियड्स**

इस ड्रिंक का सेवन करने से शरीर में हार्मोंस संतुलित रहते हैं जिससे पीरियड्स रैगुलर होते हैं। इसके अलावा जिन महिलाओं को पीरियड्स के दिनों में पेट में दर्द रहता हो, उनके लिए भी यह ड्रिंक काफी फायदेमंद है।

**बुखार और सिरदर्द**

वायरल बुखार और सिरदर्द की समस्या होने पर जीरे और गुड़ का यह ड्रिंक बहुत फायदेमंद होता है। इससे शरीर का बढ़ा हुआ तापमान कम हो जाता है।

# बिना कैमिकल्स के इस तरह करें बालों को नैचुरल डाई

बालों को कलर करने का आजकल काफी ट्रैंड है। कुछ महिलाएं तो बाल सफेद होने पर हेयर डाई का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन कई लड़कियां सिर्फ फैशन के लिए ही बालों को हाइलाइट करवाती हैं। इन कैमिकल युक्त हेयर कलर से बालों को काफी नुकसान होता है और बाल समय से पहले ही सफेद हो जाते हैं। ऐसे में इन्हें कलर करन के लिए नैचुरल चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं।



**1. हरी मेहंदी**

बालों को कलर करने के लिए हरी मेहंदी सबसे पुराना और असरदार तरीका है। इसके लिए 1 कप हीना मेहंदी में 2 कप नींबू का रस मिलाकर घोल बना लें और 4-5 घंटों के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। अब इसे बालों में लगाएं और 2 घंटों के बाद सिर धो लें। इससे बाल नैचुरल तरीके से हल्के ब्राउन हो जाएंगे। आप चाहे तो इसमें तिल का तेल और करी पत्तों को पीसकर भी डाल सकती हैं।

**2. अखरोट के छिलके**

बालों को गहरा भूरा रंग देने के लिए अखरोट के छिलकों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए छिलकों को पीस कर उनका पाउडर बना लें और इसे आधे घंटे के लिए पानी में उबालें। अब इसे छान लें और ठंडा होने के लिए रख दें। इस मिश्रण को बालों में लगाएं और 1 घंटे के बाद सिर धो लें

**3. चायपत्ती**

1 कप पानी में चायपत्ती डालकर उबालें और फिर इसे छान लें। ठंडा होने पर इस पानी को बालों में अच्छी तरह लगाएं और कुछ देर के बाद धो लें। इससे बालों में नैचुरल रंग तो आएगा ही साथ में बाल मुलायम बनेंगे और चमक भी आएगी।

**4. कॉफी**

इसके लिए स्ट्रांग कॉफी को पानी में उबाल लें और ठंडा होने पर इसमें 1 चम्मच कंडीशनर डाल कर बालों में लगाएं। 1 घंटे बाद सिर धोने पर बाल गहरे भूरे रंग के हो जाएंगे।

**5. चुकंदर और गाजर का रस**

बालों को बरगंडी रंग देने के लिए 1 कप चुकंदर और 1 कप गाजर को पीसकर इसका जूस निकाल लें। अब इसे बालों में लगाएं और 1 घंटे के बाद धो लें।



# ब्लड कैंसर को न करें नजरअंदाज, जान लें उसके 6 लक्षण

जैसे-जैसे समय बदलता जा रहा है वैसे-वैसे ही लोग कई बीमारियों के शिकार होते जा रहे है जिसमें कैंसर एक गंभीर बीमारी है। वैसे तो कैंसर कई प्रकार के होते है लेकिन ब्लड कैंसर के मरीजों की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। अश्चार्य की बात है कि मरीजों को शुरूआत में पता ही नहीं चलता कि वह धीरे-धीरे ब्लड कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का शिकार होते जा रहे है। जब उन्हें पता चलता है तब तक बड़ी देर हो चुकी होती है। इसलिए बहुत जरूरी है ब्लड कैंसर के शुरूआती लक्षणों की पूरी-पूरी जानकारी होना। ताकि समय रहता इसका इलाज शुरू करवाया जा सकें। आइए जानते है ब्लड कैंसर के शुरूआती लक्षण।

**1. बुखार**

ब्लड कैंसर के शुरूआती लक्षणों में से एक बुखार है। जब शरीर संक्रमण से लड़ रहा होता है तो शरीर का तापमान अधिक हो जाता है। जब ब्लड कैंसर शरीर पर हावी होने लगते है तो शरीर की कोशिकाएं संक्रमण से लड़ने में असमर्थ हो जाती है।

**2. ब्लीडिंग**

अगर आपके मुंह, नाक से या शौच के दौरान खून निकल रहा है तो इसे नजरअंदाज बिल्कुल न करें। इसको बारे में सचेत होकर जल्दी से ड़ॉक्टर के पास जाए और पनी सही जांच करवाएं।

**3. शरीर पर रैशेज**

खून में प्लेटलेट्स की संख्या कम हो जाना भी ब्लड कैंसर का लक्षण है। प्लेटलेट्स की संख्या कम होने के कारण त्वचा के नीचे छोटी रक्त वाहिकाएं टूट जाती हैं जिसकी वजह से शरीर पर नीले या बैगनी कलर के निशान पड़ जाते हैं।

**4. सोते समय पसीना**

अगर सही मौसम में भी आपको रात को सोते समय खूब पसीना आए तो इसे अनदेखा न करें। यह ब्लड कैंसर का लक्षण है। बेहतर होगा कि समय रहते अपनी जांच करवा लें।

**5. थकावट**

ब्लैड कैंसर को दौरान शरीर में हीमोग्लोबिन की संख्या तेजी से कम होने लगती है और ऑक्सीजन शरीर के अंगो तक सही मात्रा में नहीं पहुंचती। इस वजह से शरीर के सभी अंग काम करना बंद कर देते है और थकावट महसूस होने लगती है।

**6. सीने में दर्द और पैरों की सूजन**

अगर आपके पैरों में लगातार सूजन और सीने में जलन रहती है तो तुरंत डॉक्टर के पास जाए क्योंकि यह ब्लड कैंसर का शुरूआती लक्षण



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर




# ट्विंकल नहीं चाहती अक्षय करें दूसरी शादी



**एक्टर** अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना इंडस्ट्री के पॉपुलर कपल में से एक हैं। दोनों की रोमांटिक बॉन्डिंग फैंस को काफी पसंद आती है। अक्षय और ट्विंकल ने साल 2001 में शादी रचाई थीं। अक्षय से शादी के बाद ट्विंकल फिल्म इंडस्ट्री से दूरी बना चुकी है। अब वह एक राइटर बन चुकी हैं। हाल ही में ट्विंकल खन्ना ने एक आर्टिकल में अक्षय कुमार की दूसरी शादी को लेकर बात की। ट्विंकल ने बताया कि उन्होंने अक्षय को चेतावनी दी थी। नए कॉलम में ट्विंकल ने लिखा, उस शाम कैंप में वापस जाते समय, गाइड ने टिक-टिक नाम के पक्षियों के जोड़े की ओर इशारा किया। उन्होंने लिखा, ये एक-दूसरे के लिए इतने समर्पित हैं कि जब एक मर जाता है, तो दूसरा कभी-कभी जहरीली घास खाकर खुद को मार लेता है। मैंने अपने पति अक्षय से कहा, 'अच्छा (सुनो), अगर मैं पहले मर जाती हूं तो बेहतर होगा कि तुम भी जहरीली घास खा लेना। अगर मैं तुम्हारी दूसरी पत्नी को मेरे हैंडबैग के साथ देखा तो मैं प्रॉमिस करती हूं कि मैं आकर परेशान करूंगी।' ट्विंकल ने बताया उन्होंने जब यह सब कहा, तो अक्षय ने इसके जवाब में कहा, 'मैं अभी वह जहरीली घास खाना चाहता हूं। कम से कम तब मुझे यह सब बकवास नहीं सुननी पड़ेगी।






# डीप नेक आउटफिट में जैकलीन फर्नांडिस का बोल्ड अंदाज

**एक्ट्रेस** जैकलीन फर्नांडिस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह फैंस के साथ अक्सर अपनी हॉट एंड ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में जैकलीन ने अपनी तस्वीरों से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। जैकलीन फर्नांडिस ने पर्पल कलर की क्रॉप टॉप और मैचिंग थाई हाई स्लिट स्कर्ट में अपनी कुछ हॉट तस्वीरें शेयर की है। इस आउटफिट में जैकलीन बेहद खूबसूरत लग रही हैं। जैकलीन ने न्यूड मेकअप और खुले बालों के साथ अपने लुक को कम्प्लीट किया है। वह काउच पर बैठकर बोल्ड अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। जैकलीन फर्नांडिस जल्द ही सोनू सूद के साथ फिल्म 'फतेह' में नजर आएंगी। फिल्म 'फतेह' एक एक्शन थ्रिलर है, जो पंजाब पर ही आधारित है।

# सनी कौशल की परफॉर्मेंस देख कटरीना कैफ रह गईं दंग

सनी कौशल ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में अपनी शानदार परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया है। 9 अगस्त को रिलीज हुई इस फिल्म में सनी ने तापसी पन्नू और विक्रांत मैसी के साथ स्क्रीन शेयर की है। 'गोल्ड', 'शिद्दत' और 'चोर निकल के भागा' के बाद, सनी ने अपने अभिनय का जादू फिर से दिखाया है। सनी कौशल की इस धमाकेदार परफॉर्मेंस ने उनकी भाभी और बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ को भी प्रभावित किया। कटरीना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि सनी ने उन्हें हैरान कर दिया है। उन्होंने मजाक में लिखा, "तुम्हें देखकर अब मैं तुम्हें कभी परेशान नहीं करूंगी।" कटरीना ने सनी को सबसे अच्छा देवर भी बताया और कहा कि वह सनी के अभिनय से बेहद खुश हैं। 'फिर आई हसीन दिलरुबा' 2021 में आई 'हसीन दिलरुबा' का सीक्वल है। इस फिल्म का निर्देशन जयप्रद देसाई ने किया है, और इसमें तापसी पन्नू, विक्रांत मैसी और जिम्मी शेरगिल की भी अहम भूमिकाएं हैं। कटरीना ने फिल्म के प्लॉट की भी तारीफ की और बताया कि उन्हें इसे बार-बार रोकना पड़ा ताकि वह अपने पति विक्की कौशल को फिल्म की थियोरी समझा सकें।